**Reg. No. : .....................................**

**Name : ...........................................**

# FY-205

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, SEPTEMBER 2021**

Part – II

Time : 2½ Hours

## HINDI

Cool-off time : 20 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें ।** **(4 × 1 = 4)**

1. 'अरे आ गई है भूली–सी' – यह किस कविता की पंक्ति है ?

2. 'यात्री' किस लघुकथा का पात्र है ?

3. 'चींटी ले शक्कर चली' । चींटी क्या लेकर चलती है ?

4. ज़मीन खोदकर बूढ़ा आदमी क्या बो रहा था ?

5. 'जुलूस' कहानी का नाट्यरूपांतरण किसने किया ?

6. जिसपर वे दोनों

ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं –

पत्थर की बैंच पर बैठकर ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं । कौन ?

7. हेमा किससे रूठकर अपने घर चली गई ?

8. छोटा भाई किससे ईर्ष्यालु था ?

**सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 2 = 6)**

9. नए रिक्शेवाले की आवाज़ में गहरी उदासी थी । क्यों ?

10. इब्राहिम अली के अनुसार कब स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ?

11. सांई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय ।

मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

इस दोहे का तत्त्व क्या है ?

12. बैंजमिन फ्रैंकलीन ने कहा यह रक़म ज़रूरतमंद को दे दीजिए । ज़रूरतमंद कौन–कौन हो सकता है ?

13. इसे उखाड़ कर ले जाया

अथवा तोड़ा भी जा सकता है ।

‘पत्थर की बैंच’ का कवि क्यों आशंकित है ?

14. ‘वे मुझसे प्यार करते थे और मेरे प्रति उनका रुख एक संरक्षक की ज़िम्मेदारी जैसा था ।’ – ‘अपराध’ कहानी के आधार पर बड़े भाई के चरित्र की कौन–सी विशेषता प्रकट होती है ?

**सूचना : 15 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 6 = 30)**

15. कवितांश की आस्वादन–टिप्पणी लिखें ।

पत्थर की बैंच
जिसपर रोता हुआ बच्चा
बिस्कुट कुतरते चुप हो रहा है
जिसपर एक थका युवक
अपने कुचले हुए सपनों को सहला रहा है
जिसपर हाथों से आँखें ढाँप
एक रिटायर्ड बूढ़ा भर दोपहरी सो रहा है
जिसपर वे दोनों
ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं ।

16. जीवन–वृत्त पढ़ें और सुकेश साहनी के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| | **जीवन–वृत्त** | |
|---|---|---|
| नाम | : | सुकेश साहनी |
| जन्म | : | 5 सितंबर, 1956 |
| जन्मस्थान | : | लखनऊ |
| रचनाएँ | : | डरे हुए लोग, ठंडी रजाई |
| विशेषता | : | हिंदी लघुकथा क्षेत्र का सशक्त हस्ताक्षर |

17. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।

18. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- हम दुकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं ।
- हमारे भाईबंद ऐसे हुक़्मों की तामील करने से साफ़ इनकार कर देंगे ।
- जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जाएँगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा ।

19. 'पत्थर की बैंच' कविता के आधार पर 'समाज निर्माण में सार्वजनिक जगहों का योगदान' पर लेख तैयार करें ।

- सामाजिकता का संगम स्थान
- सहजीव के सुख–दुख पर हमदर्दी
- स्वार्थ पर जीत

20. कविताांश का आशय लिखें ।

अरे आ गई है भूली–सी
यह मधुऋतु दो दिन को
छोटी–सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को !

21. निम्नलिखित घटनाओं को पात्रों से जोड़कर लिखें :

| घटना | | पात्र |
|---|---|---|
| यात्रियों को टिकट देना | – | बूढ़ा आदमी |
| सुंदर लिपि में लिखना | – | संभ्रांत महिला |
| रेलगाड़ी से बीज फेंकना | – | टिकट बाबू |
| सहानुभूति दर्शाना | – | बैंक का क्लर्क |
| आम की गुठलियाँ बोना | – | फ्रैंकलीन |
| विद्यार्थी की मदद करना | – | लेखक |

22. 'यात्री' से संबंधित तीन सही प्रसंग चुनकर लिखें ।

- उसे शॉक–सा लगा ।
- उसकी आवाज़ में गहरी उदासी थी ।
- कल की घटना उसकी आँखों के आगे सजीव हो उठी ।
- उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।
- एकबारगी उसकी इच्छा हुई कि रिक्शे से उतर जाए ।

23. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

| | | |
|---|---|---|
| Rohan | : | Hello Riya, How are you ? |
| Riya | : | I am fine, What about you ? |
| Rohan | : | I am also fine and busy too. |
| Riya | : | Why ? |
| Rohan | : | I am busy because of online classes. |
| Riya | : | Ok, I'll call you tomorrow. |
| Rohan | : | Ok, bye. |

(busy-व्यस्त, tomorrow-कल)

24. 'मिट्टी के तेल की ढिबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उनकी आँखों के सामने से न हटता था ।' मान लें, 'दुख' कहानी का पात्र दिलीप अपनी आत्मकथा लिखता है । आत्मकथा में गरीब माँ–बेटे का उल्लेख है । वह आत्मकथांश तैयार करें ।

- बच्चे से भेंट
- माँ की परेशानी
- माँ–बेटे का प्यार
- असली दुख की पहचान और तुलना

**सूचना : 25 से 34 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 5 के उत्तर लिखें ।** **(5 × 8 = 40)**

25. गद्यांश का संक्षेपण करें और उचित शीर्षक लिखें ।

एक वृद्ध संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से सफ़र कर रही थी । वे खिड़की के पास बैठकर, बीच–बीच में, अपनी मुट्ठी से कुछ चीज़ बाहर फेंकती जा रही थीं । एक सहयात्री ने, जो यह देख रहा था, पूछा, "यह आप क्या कर रही हैं ?" उस महिला ने जवाब दिया, "ये सुंदर फलों और फूलों के बीज हैं । मैं इन्हें इस उम्मीद से फेंक रही हूँ कि इनमें से कुछ भी अगर जड़ पकड़ लेंगे तो लोगों का इससे कुछ फ़ायदा होगा । पता नहीं मैं इस रास्ते से फिर गुज़रुँ या न गुज़रुँ, इसलिए क्यों न मैं इस संधि का उपयोग कर लूँ ?"

26. मान लें, स्कूल में हिंदी क्लब के द्वारा अगस्त पंद्रह को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर 'जुलूस' नाटक का मंचन हो रहा है । इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

27. बैंक का क्लर्क अपनी हस्तलिपि की तारीफ़ सुनने पर बहुत खुश हुआ । उस दिन शाम को वह अपनी पत्नी से यह बात गर्व के साथ कहता है । दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

28. "वह किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था ।"

यात्री का मन संघर्ष से भरा था । वह अपना संघर्ष डायरी में लिखता है । वह डायरी तैयार करें ।

29. लेखक की सहानुभूति के शब्दों से टिकट बाबू को नयी ताकत मिली । टिकट बाबू उस दिन की घटना के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

30. जून 21 'योगा दिवस' पर स्कूल के हेल्थ क्लब (Health Club) की ओर से "स्वास्थ्य ही जीवन है" विषय पर एक ऑन लाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है । प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक निबंध तैयार करें ।

- स्वास्थ्य अनमोल खजाना
- संतुलित भोजन
- स्वच्छ पर्यावरण
- स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और खेलकूद

31. रेलगाड़ी में सफ़र करनेवाली वृद्ध संभ्रांत महिला की नज़र डिब्बे में चिपके हुए विज्ञापन पर पड़ती है । विज्ञापन बीमारियों से बचानेवाले 100% प्राकृतिक हैंडवॉश (Handwash) के बारे में है । वह विज्ञापन तैयार करें ।

32. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| Chats | – | कूड़ेदान |
| File | – | साझा करें |
| Input | – | सहेजें |
| Trash | – | संचिका |
| Save | – | प्रक्रिया |
| Share | – | रद्द करें |
| Cancel | – | अंतर्पात |
| Process | – | बातचीत |

33. केरल में कोविड–19 की तीसरी लहर को रोकने के लिए सरकार की ओर से की गई कार्रवाइयों की जानकारी पाने के लिए राहुल, वि.के. नगर, कोड़िमाता, कोट्टयम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, केरल सरकार के नाम सूचना का अधिकार पत्र तैयार करें ।

(तीसरी लहर - Third wave)

34. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पात्रों का अभिनय
- समग्रता